न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

वर्ष–1

अंक–5

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक – फरवरी, 2023

## कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

### सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- 100 % उपस्थिति
- 100 % समर्पण
- 100 % परिश्रम
- 100 % अनुशासन
- 100 % परिणाम
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक
- मूल्यों का अवगाहन

प्रबन्धक
इं0 वी0 के0 मिश्र

प्राचार्य
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

सम्पादकीय

सम्पादक
राजीव यादव

उप–सम्पादक
नितिन कुमार सिंह

सहयोग
पुष्पेन्द्र कुमार

## Events at College



5 फरवरी कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के विद्यार्थियों ने जी–20 कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ मण्डल में महाविद्यालय की छात्रा प्रियांशी कश्यप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



फाइलेरिया मुक्ति अभियान
सुरक्षित दवा, भरोसा स्वास्थ्य का

6 फरवरी को कालीचरण महाविद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से 27 फरवरी से शुरू हो रहे 'सामूहिक दवा सेवन' के संबंध में एन0एस0एस0 वॉलिंटियर का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एन0एस0एस0 कालीचरण महाविद्यालय एवं पी0सी0आई0 ग्लोबल इंडिया के सहयोग से फाइलेरिया से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकास द्विवेदी थे। प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 राजकुमार सिंह, डॉ0 मुकेश मिश्रा, डॉ0 शिवकुमार उपस्थित थे।

7 फरवरी को महाविद्यालय में जी0 – 20 से संबंधित निबंध, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं ने बढ–चढ़कर हिस्सा लिया।










कालीचरण महाविद्यालय लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 200 स्वयं सेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का आयोजन दिनांक 08.02.2023 से 14.02.2023 तक मलिन बस्ती चौपटिया क्षेत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय के निर्देशन में एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 राजकुमार सिंह एवं डॉ0 शिवकुमार द्वारा किया गया। सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री राजा सिंह (सभासद) चौपटिया चौक ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर का प्रारम्भ योग तथा प्राणायाम से हुआ। शिविर में प्रतिदिन स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य किया गया और साफ–सफाई, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गयी। शिविर के अंतिम दिन स्वयं सेवकों को खेल से सम्बंधित गतिविधियां कराई गई तथा खेलों इंडिया कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए, खेल से सम्बंधित जानकारियां दी गयी।









लगातार सात दिनों तक बौद्धिक सत्र में विभिन्न वक्ताओं ने अपने वक्तव्यों से स्वयंसेवकों का ज्ञानवर्धन किया। जिनमें प्रो0 अंशु केडिया, प्राचार्या खुनखुन जी महिला महाविद्यालय ने सामाजिक कार्यों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर, श्री मनोज वर्मा (सिविल डिफेंस) ने प्राथमिक उपचार पर, श्री शुभम ब्रेक यू फाउडेंसन ने सड़क सुरक्षा एवं महिला उत्पीड़न पर, डॉ0 अभिषेक सिंह जय नारायण मिश्रा पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ ने पोषण एवं आहार पर स्वयंसेवकों का ज्ञान वर्धन किया। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक इ0 वी0के0 मिश्र ने की। महाविद्यालय के प्रबंधक इ0 वी0के0 मिश्र ने सभी स्वयं सेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए निरंतर सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने की महत्ता को समझाया। इस समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कालीचरण महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा का आयोजन 14–15 फरवरी को किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता रणवीर सिंह ने किया पहले दिन 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, ऊँची व लम्बी कूद, बैडमिंटन सहित कई प्रतियोगिताएं हुई। दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का समापन 15 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने ऋषभ मिश्रा, रितु भारती व इस्लाम अली को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा जीवन में बहुत सी चुनौतियां आएंगी परिवार भी आपसे अपेक्षाएं रखेगा क्योंकि आप शिक्षित हैं। हमें हर परिस्थिति में साकारात्मक

ही सोचना हैं। निरंतर प्रयास करने से सफलता जरूर मिलेगी। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक इ0 वी0के0 मिश्र और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने छात्रों को सम्बोधित किया और कहा एक अच्छा खिलाड़ी होने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक क्रीड़ा का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा प्रो0 कल्याणी द्विवेदी और डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में किया गया।








19 फरवरी को कालीचरण महाविद्यालय के छात्र इस्लाम अली बी0ए0 प्रथम वर्ष ने शेल्फ डिफेंस कॉलेज ऑफ मैराथन लखनऊ 2023 के 10 किमी0 प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 10,000 रू0 का कैश पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

❖ फरवरी, 2023 से लखनऊ विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं का हुआ शुभारम्भ ..

---

# UNIVERSITY OF LUCKNOW
## PROGRAMME OF EXAMINATION (2022-23)
### Faculty of Commerce
### B. Com (Hons.) Regular/BP/IMP

Time Allowed: Three Hour — Timing: 09.00 AM – 12.00 Noon

### B. Com (Hons.) – Fifth Semester

| Date | Paper Title |
|---|---|
| 23/02/2023 | Export Import Procedure and Documentation |
| 25/02/2023 | Industrial Laws/Foreign Trade Procedure & Documentation (Old Course) |
| 28/02/2023 | Consumer Behaviour & Advertising Management / Entrepreneurship Development (Old Course) |
| 02/03/2023 | Business Finance |
| 04/03/2023 | Specialized Accounting / Financial Market Operations/ Management Accounting (Old Course) |
| 10/03/2023 | Personal Finance Decision /Insurance and Risk Management |
| 13/03/2023 | Foreign Language: German/ French |